दिन–रविवार दिनांक– 01/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

अमरीका और इजराएल के ईरान पर संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खबर दी है कि हमले में ईरान के सैन्य प्रमुख और रक्षामंत्री की भी मौत हो गई है। इधर, ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने कहा है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया आज शुरू होगी। उन्होंने कहा कि एक अंतरिम नेतृत्व परिषद गठित की जाएगी जो अगले नेता के चुनाव होने तक देश का कार्यभार संभालेगी। इधर, ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत के बाद कश्मीर से लेकर लखनऊ तक शिया समुदाय के लोगों ने सड़को पर विरोध प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय जनता दल ने भी ईरान पर अमरीका और इजराएल के हमले को पूरी मानवता के विरूद्ध हमला करार दिया है। राजद के सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया है कि भारत ने अपना एक दोस्त खो दिया है।

———————————————————————

विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपने वीजा के विस्तार या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। यह परामर्श पश्चिम एशिया के ताज़ा घटनाक्रम को देखते हुए जारी किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

———————————————————————

भारतीय दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से ईरान पर अमरीका और इस्रायल के हमले को देखते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है। इस्रायल में भारतीय दूतावास के +972–54–7520711 और +972–54–2428378 पर संपर्क किया जा सकता है। ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास का नंबर +989128109115 और +989128109109 है। यूएई की राजधानी अबूधाबी में भारतीय दूतावास का टोल–फ्री नंबर 800–46342 और व्हाट्सएप नंबर +971–543–090–571 पर संपर्क किया जा

सकता है। सऊदी अरब के रियाद स्थित भारतीय दूतावास का नंबर 00–966–11–488–4697 और 00–966–542–126–748 है। सीरिया में दमिश्क स्थित भारतीय दूतावास से +963–993–385–973 पर संपर्क किया जा सकता है। इराक की राजधानी बगदाद के भारतीय दूतावास से अंग्रेज़ी और हिंदी के लिए +964–771–651–1185 पर और अरबी के लिए +964–770–444 –4899 पर संपर्क किया जा सकता है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आज पचहत्तरवां जन्म दिवस है। उनके जन्मदिन पर पटना समेत पूरे राज्य में कार्यक्रम हो रहे हैं। जदयू कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। शाम छह बजे रवींद्र भवन में मुख्यमंत्री के जीवन और संघर्ष पर आधारित कॉफी टेबल बुक– मीर–ए–कारवां का विमोचन होगा। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की जा रही है। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले इक्यावन लाख बच्चों को पोशाक वितरित किये किये गए। जीविका दीदियों द्वारा तैयार पोशाक वितरण अभियान की शुरूआत पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर और बगहा से की गई। वहीं, भवन निर्माण् मंत्री अशोक चौधरी के सरकारी आवास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

———————————————————————

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है। वहीं, भाजपा, लोजपा–रामविलास, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और राजद सहित अन्य दलों की ओर से मुख्यमंत्री को जन्म दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं हैं।

———————————————————————

होली और रमजान को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में सतर्कता बढ़ा दी गयी है। पटना प्रक्षेत्र के आईजी जितेन्द्र राणा ने संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर उन क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात करें। साथ ही ऐसे इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी का निर्देश भी दिया गया है। आईजी ने वाहनों की जांच में भी तेजी लाने को कहा है।

————————————————————————

समाप्त